>

Title: Need to give approval for construction of by-pass road on N.H.3 linking Shajapur District Headquarters in Madhya Pradesh.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के शाजापुर जिला मुख्यालय जो राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3 पर स्थित है, के लिए बाईपास रोड बनाने की स्वीकृति हेतु कार्यवाही पिछले बारह वर्षों से विभाग के पास लम्बित है। इस हेतु जमीन अधिगृहित की जा चुकी है। जमीन का कब्जा भी विभाग को बहुत पहले दे दिया गया है। विभाग बहुत धीमी गति से काम कर रहा है। बाईपास के अभाव में भारी संख्या में जनहानि और धनहानि हो रही है। इस बाईपास की स्वीकृति शीघ्रातिशीघ्र करने की आवश्यकता है।

अतः मैं केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री महोदय से मांग करता हूं कि शाजापुर के लिए शीघ्रातिशीघ्र बाईपास निर्माण हेतु स्वीकृति देने का कष्ट करें।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री काशीराम राणा - उपस्थित नहीं।